# भाजपा ने कांग्रेस घोषणा पत्र को "झूठ का पुलिंदा" बताया

नयी दिल्ली, 05 अप्रैल। भाजपा ने कांग्रेस के घोषणापत्र को झूठ का पुलिंदा बताया है। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस पर तंज करते हुए कहा है कि, कांग्रेस का मैनीफैस्टो को मतदाताओं में भ्रम उत्पन्न करने के लिए तैयार किया गया है। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने विधानसभा और लोकसभा चुनावों के अपने पहले के घोषणापत्रों में किए गए किसी भी वादे को पूरा नहीं किया।

केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा,"कांग्रेस का घोषणा पत्र सिर्फ़ झूठे दावों-वादों का पुलिंदा मात्र है। कांग्रेस ने 60 सालों में देश को सिर्फ़ छला है और इसी वजह से अब जनता इनके बहकावों में नहीं आने वाली है। इनका पूरा का पूरा घोषणा पत्र उनके मौजूदा क्रियाकलापों के विपरीत है। महिला न्याय की बात करने वाली कांग्रेस के शीर्ष से लेकर गली के नेता आये दिन महिलाओं के बारे में कैसी अभद्र टिप्पणी कर रहे हैं ये किसी से छिपा नहीं है। न्याय पत्र लाने वाली कांग्रेस ये क्यों नहीं बताती कि पिछले सात दशक में देश के साथ सबसे ज़्यादा अन्याय करने वाली कांग्रेस पार्टी ही है। इनके किए घोटाले, दिए अत्याचार और थोपे आपातकाल को देश आज भी नहीं भूला है। जैसे देश की निगाहों में कांग्रेस अपनी विश्वसनीयता खो चुकी है उसी तरह इनका घोषणा पत्र भी सिर्फ़ खोखली बातों का पुलिंदा है।"

- **केन्द्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि, कांग्रेस का मैनिफैस्टो सिर्फ झूठे दावों और वादों का पुलिंदा है, कांग्रेस ने अब तक देश को सिर्फ छला है, अब जनता इनके बहकावे में नहीं आने वाली।**
- **भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा, कांग्रेस का घोषणा पत्र मतदाताओं में भ्रम पैदा करने के लिए तैयार किया गया है।**
- **मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि, कांग्रेस अन्याय के पहाड़ के नीचे बैठी है न्याय शब्द उनके मुंह से अच्छा नहीं लगता।**

कांग्रेस की नौकरी गारंटी पर प्रतिक्रिया देते हुए केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि पिछले एक वर्ष में मोदी सरकार ने 10 लाख सरकारी नौकरियां दी हैं। वहीं अगर ईपीएफओ का डाटा देखा जाए तो पिछले छह वर्षों में सात करोड़ 60 लाख से ज्यादा लोग रजिस्टर हुए हैं। करीब 30 करोड़ से ज्यादा श्रम कार्ड दिए गए हैं।

ठाकुर ने आगे कहा, "कांग्रेस 60 वर्षों तक देश पर राज करती रही और सिर्फ गरीबी हटाओ का नारा दिया लेकिन गरीबी नहीं हटी आज एक गरीब मां के बेटे ने देश के 25 करोड़ गरीबों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है। 80 करोड़ गरीबों को नि:शुल्क राशन, 12 करोड़ शौचालय, चार करोड़ गरीबों को घर, 10 करोड़ महिलाओं को उज्ज्वला कनेक्शन, 14 करोड़ से ज्यादा लोगों को नल से जल, 60 करोड़ करीबों को पांच लाख तक का स्वास्थ्य का खर्च आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने दिया है।"

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कांग्रेस का यह घोषणा पत्र मात्र कर्मकांड है और पार्टी हारी हुई लड़ाई लड़ रही है।

कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र को न्याय पत्र का नाम दिया है, लेकिन कांग्रेस अन्याय के पहाड़ पर बैठी हुई है। पार्टी ने किसान, गरीब, मजदूर, युवा सबके साथ अन्याय करते हुए अपना समय गुजारा। न्याय शब्द उनके मुंह से शोभा नहीं देता।

वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी के संविधान बचाने के बयान को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कांग्रेस ने संविधान का मखौल उड़ाया। गांधी के पुरखों ने संविधान में संशोधन करके उसके मूल स्वरूप को विकृत किया, धारा 370 के माध्यम से पूरे देश में कश्मीर में अलग छवि बनी, जिसके कारण से 40 हजार से ज्यादा लोगों के प्राण गए।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धारा 370 हटाकर, संविधान का मान बढ़ ाया। भारत की एकता अखंडता को मजबूत किया। कांग्रेस कुछ भी कहे, उनको अब कोई सुनने वाला नहीं है।

## 'बीजेपी को कांग्रेस से उधार लेने पड़ रहे उम्मीदवार'

नयी दिल्ली, 05 अप्रैल। हाल के महीनों में करीब दर्जनभर कांग्रेस नेताओं ने भाजपा का दामन थामा है। इसको लेकर इंडियन नेशनल लोकदल के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने हरियाणा की सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर तीखा प्रहार किया है। अभय सिंह चौटाला ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि, 400 सीट जीतने का नारा देने वाली पार्टी को कांग्रेस से उम्मीदवार उधार लेने पड़ रहे हैं। गौरतलब है कि, बीते दिन ही कट्टर कांग्रेसी माने जाने वाले गौरव वल्लभ और संजय निरूपम भाजपा में शामिल हुए हैं।

- **इंडियन नैशनल लोकदल ने भाजपा पर कटाक्ष किया।**

इंडियन नेशनल लोकदल के प्रधान महासचिव अभय चौटाला ने कहा, "एक ओर भाजपा 400 पार का नारा दे रही है, वहीं दूसरी ओर उसे अपनी पार्टी के नेताओं पर भरोसा नहीं रह गया है और यही कारण है कि पार्टी को हरियाणा में कांग्रेस से उम्मीदवार उधार में लेने पड़ रहे हैं।" चौटाला ने भारतीय जनता पार्टी पर देश और प्रदेश में किये गये वादों को पूरा करने में विफल रहने का आरोप लगाया।

# 'राज्य मदरसा बोर्ड गैर कानूनी नहीं है'

## सुप्रीम कोर्ट ने मदरसा कानून रद्द करने के फैसले पर रोक लगाते हुए टिप्पणी की

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 5 अप्रैल। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को, इलाहबाद उच्च न्यायालय के उत्तर प्रदेश (यू.पी.) मदरसा कानून के रद्द करने वाले आदेश को अमान्य घोषित कर दिया।

- **सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डी.वाय. चन्द्रचूड़ की बैंच ने इस पर केन्द्र सरकार व यू.पी. सरकार को नोटिस भी जारी किया।**
- **इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ बैंच ने वकील अनुभव सिंह राठौड़ की याचिका पर सुनवाई करते हुए "मदरसा एस्टैब्लिश्मैंट एक्ट" को रद्द कर दिया था, जिसके खिलाफ मदरसा बोर्ड ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी।**

सुप्रीम कोर्ट ने उच्च न्यायालय के निष्कर्ष, जिसके अनुसार मदरसा बोर्ड का गठन, धर्मनिरपेक्ष सिद्धांतों का उल्लंघन करता है, को गलत माना।

उच्चतम न्यायालय ने कहा, उच्च न्यायालय ने 2004 कानून के प्रावधानों का गलत अर्थ निकाला है क्योंकि, कानून का उद्देश्य और प्रकृति, नियामक (रेगुलेटरी) हैं।

चीफ जस्टिस डी.वाई.चंद्रचूड़, जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की तीन जजों की बैंच ने केन्द्र और उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किए हैं। यह कानून, समाजवादी पार्टी नेतृत्व वाली सरकार, वर्ष 2004 में लायी थी।

इलाहबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ बैंच ने, एक पेशेवर वकील, अंशुमन सिंह राठौड़ की इस कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली रिट याचिका की सुनवाई करते हुए, इस कानून को "अल्ट्रा वायरस" (गैर कानूनी) घोषित कर दिया था।

राज्य मदरसा बोर्ड के अनुसार उच्च न्यायालय के आदेश से उत्तर प्रदेश के 16,500 मान्यता प्राप्त और 8500 गैर मान्यता प्राप्त मदरसों या इस्लामिक स्कूलों में नामांकित लगभग 2 लाख छात्र प्रभावित होते।

## सोनिया, ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

शनिवार को जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में होने वाली चुनावी सभा में कांग्रेस के "न्याय पत्र" नाम के चुनावी घोषणा पत्र को जनता के बीच लॉन्च किया जाएगा। जयपुर की इस सभा के जरिए कांग्रेस जयपुर सहित आसपास की 6 सीटों, जयपुर शहर, जयपुर ग्रामीण के साथ ही सीकर दौसा, अलवर और अजमेर सीट के चुनावी समीकरण साधेगी। इन 6 सीटों के प्रत्याशी भी सभा में मौजूद रहेंगे। कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता रैली की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं।

कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली का कहना है कि, सोनिया गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे शनिवार को दिल्ली से चर्टर्ड विमान से जयपुर आएंगे। ये नेता विद्याधर नगर स्टेडियम में आयोजित जनसभा में पार्टी का घोषणा पत्र लॉन्च करेंगे।

शुक्रवार शाम को रंधावा, डोटासरा, जूली और अमृता धवन ने विद्याधर नगर स्टेडियम पहुंचकर सभा की तैयारियों का जायजा लिया। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट में लिखा, न्याय की गारंटी देने वाले कांग्रेस के घोषणापत्र को लॉन्च करने के लिए पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कल जयपुर पधार रहे हैं। उन्होंने सभी कांग्रेसी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया है कि, 6 अप्रैल को 11 बजे विद्याधर नगर मैदान में पहुंचकर इस कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# 'नरेन्द्र दिल्ली से देवेन्द्र के...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

देश नहीं झुकने दूंगा, मेरा वचन है भारत मां को, तेरा शीश नहीं झुकने दूंगा।" उन्होंने कहा, हमारी सेना ने जब सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक की, तब घमंडिया गठबंधन के लोग सेना से शौर्य के सबूत मांग रहे थे।

अपना भाषण शुरू करते हुए प्रधानमंत्री ने 'राम-राम सा' कहा और बोले, "शक्ति स्वरूपा जीण माता, सालासर बालाजी, खाटूश्याम, वीर गोगाजी महाराज नै म्हारो बारम्बार प्रणाम।"

- **प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण की शुरूआत में राम-राम सा कह कर जनता का अभिवादन किया, फिर बोले शक्ति स्वरूपा जीण माता, सालासर बालाजी, खाटूश्याम, वीर गोगाजी नै म्हारो बारम्बार प्रणाम।**

प्रधानमंत्री के भाषण से पूर्व राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अपना भाषण देने आए तो सभा स्थल 'मोदी-मोदी' के नारे से गूंज गया। मुख्यमंत्री के भाषण के दौरान भी 'मोदी-मोदी' के नारे लगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि, दुनिया के 85 प्रतिशत लोगों की पसंद नरेंद्र मोदी हैं। सऊदी अरब, अफगानिस्तान, रूस, बहरीन, भूटान, फिजी जैसे देशों ने मोदी को सर्वोच्च सम्मान से नवाजा है। मोदी की वजह से भारत के पासपोर्ट का वजन बढ़ ा है। राजस्थान में गैंगस्टर आने लगे थे। अब राजस्थान में गैंगस्टर नहीं हैं।

भाजपा के उम्मीदवार देवेंद्र झाझड़िया ने कहा कि, मैं यहां सभा में बैठा हूं, मेरी मां वहां फसल काट रही है। चूरू के हर घर में और हर 'खूड' में पानी पहुंचे।

सभा में चूरू के अलावा नोहर, भादरा, राजगढ़, रतनगढ़, तारानगर, सुजानगढ़, सरदारशहर के ग्रामीण क्षेत्रों से बसें भरकर लोग पहुँचे।

मंच पर पूर्व मंत्री राजेन्द्र राठौड़, सतीश पूनिया, कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत, झुंझुनू के भाजपा प्रत्याशी शुभकरण चौधरी, राजकुमार रिणवां, अभिनेष महर्षि, डॉ.वासुदेव चावला, सुमित्रा पूनिया, संतोष अहलावत सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। सभा स्थल के बाहर सड़कों पर जनता की लम्बी कतार लगी रही। सभा के बाद लोग नरेन्द्र मोदी, भजनलाल शर्मा आदि के कटआउट अपने कंधों पर उठाकर ले गए।

# सेन्ट्रल पार्क में गांधी दर्शन म्यूज़ियम व महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट बनाने के मामले में हाई कोर्ट का नोटिस

जयपुर, 5 अप्रैल (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने सैन्ट्रल पार्क स्थित लक्ष्मी विलास और कनक भवन का उपयोग, गांधी दर्शन म्यूज़ियम व महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ गवर्नैंस एंड सोशल साइन्स के लिए करने के मामले में तत्कालीन मुख्य सचिव निरंजन आर्य सहित तत्कालीन यू.डी.एच. सचिव कुंजीलाल मीणा व तत्कालीन जे.डी.सी. गौरव गोयल को नए सिरे से अवमानना नोटिस जारी किए हैं। जस्टिस पंकज भंडारी और जस्टिस शुभा मेहता की खंडपीठ ने यह आदेश योगेश यादव की अवमानना याचिका पर दिए।

सुनवाई के दौरान अदालत के सामने आया कि, इन अधिकारियों को पूर्व में जारी किए गए नोटिस की तामील नहीं हुई है। राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता ने बताया कि,

- **राजस्थान हाई कोर्ट ने पूर्व सरकार के मुख्य सचिव निरंजन आर्य, यू.डी.एच. सचिव कुंजीलाल मीणा और जे.डी.सी. गौरव गोयल को अवमानना नोटिस जारी किया।**
- **सरकार के अति. महाधिवक्ता ने इन पूर्व अधिकारियों की जगह मौजूदा अधिकारियों को पक्षकार बनाए जाने की बात कही।**
- **पर याचिकाकर्ता ने इस पर आपत्ति की, उसके बाद अदालत ने पूर्व अधिकारियों को नोटिस जारी किया।**

जिन अधिकारियों को पक्षकार बनाया गया है, उनमें से मुख्य सचिव रिटायर हो चुके हैं। जबकि दो अन्य का तबादला हो चुका है।

इसलिए इन पदों पर वर्तमान में कार्यरत अफसरों को पक्षकार बनाया जाए। याचिकाकर्ता की ओर अधिवक्ता विमल चौधरी व अधिवक्ता योगेश टेलर ने कहा कि, वर्तमान अधिकारियों ने अवमानना की ही नहीं तो उन्हें पक्षकार नहीं बनाया जा सकता है।

याचिका में बताया गया कि, हाईकोर्ट ने संजय त्यागी की याचिका में राज्य सरकार को आदेश दिया था कि, होटल और कनक भवन की जमीन का कब्जा लें और भविष्य में इस जमीन का उपयोग उसी उद्देश्य के लिए किया जाए, जिसके लिए इसे अवाप्त किया है। इस आदेश के बाद जे.डी.ए. ने मई 2017 में लक्ष्मी विलास होटल व कनक भवन का कब्जा लिया था, लेकिन राज्य सरकार ने यहां पर टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइन्सेज़ और महाराष्ट्र इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी स्कूल ऑफ साइन्सेज़ ऑफ गवर्नैंस की तर्ज पर महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ गवर्नैंस एवं सोशल साइन्स बना लिया है। राज्य सरकार का यह कृत्य अदालती आदेश की अवमानना की श्रेणी में आता है। इसलिए अदालती आदेशों की अवहेलना करने वाले अफसरों के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जाए।

## केरल में बम विस्फोट, एक माकपा कार्यकर्ता की मौत

कन्नूर, 05 अप्रैल। केरल में पनूर के पास मुलियाथोड में देशी बम बनाते समय विस्फोट होने से मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के एक कार्यकर्ता की मौत हो गयी और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि, विस्फोट के बाद छापे के दौरान दो बम और विस्फोटक सामग्री जब्त की गयी।

बाद में बम निरोधक दस्ते ने शाम को बमों को निष्क्रिय किया। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान पुथूर के निवासी शेरिन के रूप में की गयी है, जिन्हें चेहरे और छाती पर चोटें आयीं थीं और उनका कोझिकोड के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। विस्फोट में विनीश नामक व्यक्ति की दोनों हथेलियां शरीर से अलग हो गयी। उसका कोझिकोड के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है, जहां उसे वेंटिलेटर पर रखा गया है। इस घटना में दो और घायल, असवंत और विनोद को क्रमश: थालास्सेरी और परियारम के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## 'सुभाष चन्द्र बोस भारत....

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

को 15 अगस्त 1947 को आज़ादी मिलने से पहले ही 15 अगस्त 1945 में हो गई थी। जवाहर लाल नेहरू 1951 में भारत के पहले प्रधानमंत्री बने थे और 1964 तक इस पद पर रहे।

तेलंगाना की पार्टी भारतीय राष्ट्रीय समिति के कार्यकारी अध्यक्ष के.टी. रामाराव भी विवाद में कूद पड़े। उन्होंने कंगना पर कटाक्ष किया कि "ये सारे लोग कहां से ग्रेजुएट होते हैं।

एक्स पर एक पोस्ट में के.टी. रामाराव ने लिखा कि, "उत्तर भारत की भाजपा प्रत्याशी कहती हैं कि सुभास चन्द्र बोस हमारे पहले प्रधानमंत्री थे। और दक्षिण भारत का एक भाजपा प्रत्याशी कहता है कि महात्मा गांधी हमारे पहले प्रधानमंत्री थे। ये लोग कहां से ग्रेजुएशन करके आए हैं।"

एक टी.वी. इंटरव्यू में कंगना ने कहा, मुझे एक बात बताइए जब हमें आज़ादी मिली तब भारत के पहले प्रधानमंत्री सुभाष चन्द्र बोस कहां गए थे।

कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनाते ने भी कहा कि कंगना को हल्के में मत लीजिए, भाजपा नेताओं की लिस्ट में वो बहुत आगे तक जाएंगी।

कंगना रानाउत को एक बार पहले भी काफी ट्रोल किया गया था जब उसने कहा था कि भारत को असली आज़ादी 2014 में नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद मिली थी।

भारत ने 24 मार्च को 111 प्रत्याशियों की लिस्ट में कंगना रानाउत का नाम भी घोषित किया था। रानाउत ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा कि भाजपा में शामिल होकर बेहद गौरवान्वित महसूस कर रही हैं। कंगना भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी की मुखर समर्थक रही हैं।

उन्होंने लिखा कि "मेरे प्यारे भारत और भारतीय जनता की अपनी भारतीय जनता पार्टी के प्रति मेरा हमेशा बिना शर्त समर्थन रहा है। भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व ने मुझे मेरे जन्म स्थान मंडी से प्रत्याशी बनाया है, मैं बहुत गौरवान्वित हूँ।"

हिमाचल प्रदेश में चार सीटों के लिए एक ही चरण में एक जून को वोटिंग होगी।

मंडी लोकसभा सीट हमेशा से शाही परिवार का रणक्षेत्र रहा है। राज परिवार यहां से 19 में से 13 चुनाव जीत चुका है, जिसमें से दो उप चुनाव भी है।

इस क्षेत्र में कांग्रेस का भारी प्रभाव रहा है। वर्ष 2009 के आम चुनाव में वीरभद्र सिंह 2013 और 2021 के उप चुनाव में यहां से रानी प्रतिभा सिंह विजयी हुई थीं।

# सुप्रीम कोर्ट करेगा ऑन लाइन गेमिंग पर जी.एस.टी. संबंधी याचिकाओं की सुनवाई

नयी दिल्ली, 05 अप्रैल। उच्चतम न्यायालय ने ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों पर 28 फीसदी वस्तु और सेवा कर (जी.एस.टी.) लगाने को चुनौती देने वाली, नौ उच्च न्यायालयों में लंबित सभी याचिकाओं को अपने पास सुनवाई के लिए शुक्रवार को स्थानांतरित कर लिया।

मुख्य न्यायाधीश डी वाय चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने केंद्र की गुहार पर सभी 27 याचिकाओं पर सुनवाई करने से संबंधित आदेश पारित किया। पीठ ने कहा, हम सभी याचिकाओं को इस अदालत में स्थानांतरित कर रहे हैं और सभी 27 याचिकाओं पर बाद में सुनवाई करेंगे।

केंद्र सरकार ने देश भर के नौ उच्च न्यायालयों में लंबित उन याचिकाओं को स्थानांतरित करने की मांग करते हुए शीर्ष अदालत में एक याचिका दायर की थी।

- **ऑन लाइन गेमिंग पर 28 प्रतिशत जी.एस.टी. लगाए जाने के खिलाफ देश के 9 हाई कोर्ट में 27 याचिकाएं दायर की गई हैं।**
- **केन्द्र सरकार ने सभी याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट में स्थानांतरित करने के लिए याचिका दायर की थी।**

गेम्सक्राफ्ट, ड्रीम 11 और गेम्स 247 सहित कई ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों और कई अन्य ने भी जीएसटी लगाये जाने को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत के समक्ष अपनी-अपनी अपील दायर की है।

जी.एस.टी. परिषद की जुलाई 2023 में आयोजित 50वीं बैठक में ऑनलाइन गेमिंग पर पूर्ण अंकित मूल्य पर 28 फीसदी कर लगाने का निर्णय लिया गया था, जिसमें कौशल और मौके (चांस) के खेल के बीच कोई अंतर नहीं था।

इसी तरह कैसिनो और घुड़दौड़ पर 28 फीसदी कर लगाने का फैसला किया गया था। नयी कर दर एक अक्टूबर 2023 से लागू कर दी गई थी।

ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों ने उन पर 28 फीसदी जी.एस.टी. लगाए जाने का विरोध किया, क्योंकि पहले वे सकल गेमिंग राजस्व (जीजीआर) पर 18 फीसदी की दर से जीएसटी का भुगतान कर रहे थे और अब उनसे लगाए गए प्रत्येक दांव पर 28 फीसदी की दर से कर की मांग की गई है।

## अप्रैन्टिसशिप का अधिकार...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

की बात भी कही।

कांग्रेस ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि धर्म, भाषा, जाति से बाहर निकले और एक लोकतांत्रिक सरकार स्थापित करने का बुद्धिमतापूर्ण विकल्प चुने, पार्टी ने आगे यह भी कहा कि इस आम चुनाव ने आपको वर्तमान सरकार की शासन शैली को मूलरूप से बदलने का अवसर प्रदान किया है जिसे कि आप पिछले एक दशक से देख रहे हैं।

उन्होंने कहा कि, घोषणा पत्र में "प्रशिक्षण अधिकार अधिनियम" के तहत यह गारंटी दी गई है कि प्रत्येक डिप्लोमा प्राप्त युवा या 25 वर्ष से कम आयु के स्नातक युवा को एक वर्ष की कालावधि का रोजगार परक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इसके अतिरिक्त, इसमें कहा गया है कि (एम.एस.पी.) न्यूनतम समर्थन मूल्य की वैधानिक गारंटी दी जाएगी। जिसकी घोषणा हर वर्ष सरकार स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के अनुसार करेगी।

पार्टी ने अपने चुनाव घोषणा पत्र में यह भी वादा किया है कि शासन में आते ही "हम तुरंत जम्मू व कश्मीर का राज्य का दर्जा वापस बहाल करेंगे।"

घोषणा में वादा है कि वह सत्ता में आने पर शहरी रोजगार गारंटी की योजना शुरू करेगी इसके तहत शहरी गरीबों को नवनिर्माण, शहरी बुनियादी ढांचे का पुनर्निमाण कार्य कराएगी।

पार्टी ने घोषणा पत्र में यह भी कहा है कि, वह वर्तमान में प्रचलित अग्निवीर योजना को खत्म करेगी एवं सशस्त्र बलों को निर्देश देगी कि वे स्वीकृत क्षमता प्राप्त करने हेतु सैनिकों के पदों को सामान्य भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से भरे।

वहां उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि "मैं हर एक व्यक्ति से निवेदन करता हूँ कि वह हमारे चुनाव घोषणा पत्र क ध्यान से पढ़े और आपको इसमें हमारे देश की "एक शानदार तस्वीर" नज़र आएगी।" अध्यक्ष खड़गे ने यह भी कहा कि "जब हम सत्ता में आएंगे तो हम गरीबों के लिए अवसर के द्वार खोलेंगे....पी.एम. मोदी हमारी पार्टी के लोगों को ले रहे हैं और "400 पार" सांसदों का दावा कर रहे हैं।"

खड़गे ने यह भी कहा कि केवल वे ही नेता जिन्होंने कुछ गलत किया है डर की वजह से कांग्रेस पार्टी छोड़ रहे हैं और भाजपा में शामिल हो रहे हैं।

खड़गे ने इस बात पर आश्चर्य व्यक्त किया कि यह किस प्रकार का चुनावी मैदान है जिसमें प्रमुख विपक्षी पार्टी का बैंक खाता का लेन-देन बंद कर दिया गया है।

## 'चुनाव के बाद ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

की कोशिश कर रही ताकतें है और दूसरी तरफ उनको बचाने वाली।

एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा, "वर्ष 2004 में इसी तरह से इंडिया शाईनिंग" का प्रचार किया गया था। उन्होंने पूछा, "क्या आपको याद है, उस समय कौन जीता था?" वह भाजपा नेतृत्व वाले नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस (एन.डी.ए.) की उस

- **कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र के कार्यक्रम में पत्रकारों से बात करते हुए, राहुल गांधी ने कहा, मीडिया चाहे जो कहे पर वास्तविकता यह है कि, कांटे की टक्कर है और विपक्ष जीत रहा है, चुनाव के बाद तय होगा कि, इंडिया ब्लॉक किसे प्रधानमंत्री बनाएगा।**

आक्रामक "इण्डिया शाईनिंग" अभियान का उल्लेख कर रहे थे जिसमें भाजपा हार गई थी और यूनाईटेड प्रोग्रेसिव एलायंस (यू.पी.ए.) की सरकार ने शपथ ली थी।

उन्होंने कहा, "इण्डिया ब्लॉक ने एक विचारधारा पर संयुक्त रूप से चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है और चुनावों के बाद, गठबंधन मिल-जुल के निर्णय लेगा कि कौन प्रधानमंत्री बनेगा"।सात चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव 19 अप्रेल से शुरू होंगे।

# मुकेश सहनी की पार्टी महागठबंधन में शामिल

## तीन लोकसभा सीट पर लड़ेगी उनकी पार्टी

पटना, 05 अप्रेल। बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत विफल होने के बाद विकासशील इंसान पार्टी (वी.आई.पी.) के अध्यक्ष मुकेश सहनी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेतृत्व वाले महागठबंधन में शामिल हो गए।

सहनी ने शुक्रवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव से मुलाकात की और उनकी मुलाकात एक घंटे से अधिक समय तक चली। इसके बाद दोनों दल गठबंधन के लिए सहमत हुए। ताजा समझौते के तहत राजद ने सहनी के लिए अपने कोटे से लोकसभा की तीन सीटें छोड़ दी हैं।

विधानसभा में प्रतिपक्ष एवं राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने यहां पार्टी कार्यालय में राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, विधान पार्षद अब्दुल बारी सिद्दीकी और राज्यसभा सदस्य मनोज झा की उपस्थिति में सहनी की

- **एन.डी.ए. से उपेक्षित सहनी ने शुक्रवार को राजद अध्यक्ष लालू यादव से मुलाकात की, राजद ने अपने कोटे से सहनी की पार्टी को तीन सीटें दी हैं।**

पार्टी के महागठबंधन में शामिल होने की घोषणा करते हुए कहा कि, सहनी की पार्टी, वी.आई.पी. के लिए राजद ने अपने कोटे की गोपालगंज, झंझारपुर और मोतिहारी सीटें छोड़ दी हैं। उन्होंने कहा कि, सहनी का साथ लोकसभा और विधानसभा चुनाव दोनों के लिए है।

तेजस्वी यादव ने मोदी सरकार की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि वह संविधान की अनदेखी कर देश में तानाशाही कायम करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने सहनी को अपना बड़ा भाई बताया और कहा कि, सहनी शुरू से ही दबे-कुचले तबके की आवाज उठाते रहे हैं लेकिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सहनी और उनकी पार्टी को दबाने की साजिश रची ।

साहनी ने कहा कि भाजपा ने पहले उनकी मदद से बिहार में सरकार बनाई और फिर उनकी ही पार्टी के विधायकों को खरीद लिया, फिर उन्हें (मुकेश सहनी को) सरकार से बाहर कर दिया । इसके बाद वे गांव-गांव घूमे, जनता के बीच गए । उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर और लालू प्रसाद यादव के रास्तों पर चलने के लिए इंडिया गठबंधन में आए हैं। हम लोग 40 की 40 सीट जीतेंगे।

महागठबंधन में इस बार के लोकसभा चुनाव के लिए सीटों के तालमेल के तहत राजद 23, कांग्रेस नौ, वामदल पांच पर और वी.आई.पी. तीन सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

गौरतलब है कि इससे पहले 2019 के लोकसभा चुनाव में वी.आई.पी. ने महागठबंधन के घटक के रूप में तीन सीटों पर चुनाव लड़ा था लेकिन उसके सभी उम्मीदवारों को शिकस्त झेलनी पड़ी थी। इतना ही नहीं सहनी भी खगड़िया संसदीय क्षेत्र से चुनाव हार गये थे। बाद में सहनी ने वर्ष 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में सीट बंटवारे के फॉर्मूले पर नाराजगी व्यक्त करते हुए महागठबंधन से नाता तोड़ लिया था।

इस बीच जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के वरिष्ठ नेता विजय कुमार चौधरी ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए सहनी के महागठबंधन में शामिल होने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जब सहनी को राजग में जगह नहीं मिली तो उन्होंने महागठबंधन की ओर रुख कर लिया। लेकिन इस चुनाव में उनकी राजनीतिक कलाबाजी का शायद ही कोई असर होगा।

# खजुराहो से सपा प्रत्याशी मीरा यादव का नामांकन निरस्त

## इंडिया ब्लॉक को मध्य प्रदेश में बड़ा नुकसान

पन्ना, 05 अप्रेल। मध्यप्रदेश के खजुराहो संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के सामने चुनाव लड़ रहीं, विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' की प्रत्याशी मीरा यादव का नामांकन आज निरस्त हो गया है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। खजुराहो संसदीय सीट राज्य की एकमात्र वो सीट थी, जो कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी के लिए छोड़ी थी। सपा ने पहले यहां से डॉ. मनोज यादव को प्रत्याशी बनाया था, लेकिन बाद में उसे बदलकर मीरा यादव को यहां से चुनावी मैदान में उतारा था।

इसके पहले मीरा यादव के पति दीपक यादव ने संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि, उन्हें कलेक्टर सुरेश कुमार ने नामांकन फॉर्म निरस्त किए जाने की सूचना दी है।

- **खजुराहो संसदीय सीट मध्य प्रदेश में समाजवादी पार्टी के हिस्से में आई थी। सपा ने यहां से पहले मनोज यादव फिर मीरा यादव को उतारा।**
- **मीरा यादव भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के सामने चुनाव लड़ रहीं थी।**

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि, नामांकन में अगर कोई कमी रहती है तो उसे दुरुस्त करने की जिम्मेदारी निर्वाचन अधिकारी की होती है।

उन्होंने कहा कि नामांकन में दो कमियां बताई जा रही हैं। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सुरेश कुमार पर पक्षपात के आरोप लगाते हुए कहा कि, वे न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे।

इस क्षेत्र में नामांकन पत्र जमा करने का कल अंतिम दिन था। आज नामांकन पत्रों की जांच हुई।

मीरा यादव का नामांकन निरस्त होने के बाद अब यहां से मुख्य तौर पर वी.डी. शर्मा ही एकमात्र प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं, वे यहां से वर्तमान में सांसद भी हैं।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908